दिनांकः 25.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

राष्ट्र, आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी सौवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली स्थित सदैव अटल स्मारक पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई हस्तियों ने भी अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर सुशासन की शपथ ली गई और अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें एक महान राजनेता बताया। अपने संदेश में श्री मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी को अनगिनत लोगों का प्रेरणा–स्रोत बताते हुए कहा कि भारत को 21वीं सदी में ले जाने के लिए राष्ट्र, अटलजी का सदैव आभारी रहेगा।
श्री मोदी ने शिक्षाविद् और समाज सुधारक पंडित मदन मोहन मालवीय को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। आज सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि एक सक्रिय स्वतंत्रता सेनानी होने के अलावा, पंडित मालवीय जीवन भर भारत में शिक्षा के अग्रदूत रहे।
इधर, प्रदेशभर में भी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की ओर से जयपुर सहित जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं और श्री वाजपेयी को श्रद्धा के साथ याद किया जा रहा है। जयपुर स्थित भाजपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद घनश्याम तिवाडी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने श्री वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन दर्शन पर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी का भी लोगों ने अवलोकन किया।

.......................

प्रभु यीशु का जन्मदिवस, क्रिसमस आज देश दुनिया में परम्परागत उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गिरिजाघरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। क्रिसमस मनाने को लेकर ईसाई समुदाय के लोगों में सुबह से ही विशेष उल्लास बना हुआ है। कैरल्स के साथ विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित हो रही हैं। क्रिसमस ट्री और केक को लेकर भी बच्चों के साथ बडों में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रभु यीशु के जन्म की झांकी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग विभिन्न गिरिजाघरों में पहुंच रहे हैं।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने क्रिसमस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने सभी से प्रभु यीशु मसीह की शिक्षाओं पर चलने का आह्वान किया।
इधर, राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में पर्यटन सीजन में क्रिसमस की छुटिटयां मनाने, बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुंचे हैं।

.......................

करौली–गंगापुर मार्ग पर सलेमपुर गांव के पास कल देर शाम कार और निजी बस की टक्कर में कार में सवार 5 लोगों की मृत्यु हो गई और 15 व्यक्ति घायल हो गए। मृतकों में 3 महिलाएं और 2 पुरूष शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमारे करौली संवाददता ने बताया कि हादसे के शिकार लोग इंदौर के रहने वाले थे और कैलामाता मंदिर दर्शन कर वापस लौट रहे थे।
इधर, कोटपूतली के कीरतपुर में बोरवेल में गिरी बालिका को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन आज भी जारी है। पाइलिंग मशीन की सहायता से बालिका को बाहर निकालने के लिए जिला प्रशासन के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें जुटी हुई हैं।

.......................

दिसम्बर का अंतिम सप्ताह आने के साथ ही प्रदेशभर में सर्दी का असर चरम पर पहुंचने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार कल से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से जयपुर सहित कई जिलों में मावठ हो सकती है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार विक्षोभ का सर्वाधिक असर 27 दिसंबर को रह सकता है। इससे कहीं–कहीं ओलावृष्टि की भी आशंका है। विभाग ने राज्य में अगले एक–दो दिनों में कहीं–कहीं घना कोहरा छाये रहने की संभावना भी जताई है।

......................